सप्लाई चैन रिज़ेलिएन्स इनीशिएटिव (Supply Chain Resilience Initiative)

sanskritiias.com/hindi/pt-cards/supply-chain-resilience-initiative

- **हिंद-प्रशांत क्षेत्र की आपूर्ति श्रृंखला में चीनी प्रभुत्व को प्रति-संतुलित करने** तथा क्षेत्र में सुदृढ़, धारणीय, संतुलित एवं समावेशी संवृद्धि सुनिश्चित करने के लिये भारत, जापान तथा ऑस्ट्रेलिया के व्यापार मंत्रियों ने मिलकर 'सप्लाई चैन रिज़ेलिएन्स इनीशिएटिव' (SCRI) की शुरुआत की है।
- तीनों सदस्यों ने इस बात पर भी सहमति व्यक्त की है कि यदि आवश्यक हुआ तो सर्वसम्मति से एस.सी.आर.आई. का विस्तार भी किया जाएगा। ध्यातव्य है कि **वर्ष 2019 में भारत, जापान एवं ऑस्ट्रेलिया का संचयी जी.डी.पी. 3.9 ट्रिलियन डॉलर** था, जबकि वस्तुओं एवं सेवाओं का व्यापार क्रमशः 2.7 ट्रिलियन डॉलर तथा 900 बिलियन डॉलर था।
- इस पहल के अंतर्गत शामिल संभावित नीतिगत मापदंड इस प्रकार हैं-
  - डिजिटल प्रौद्योगिकी के बढ़ते उपयोग में आपसी सहयोग
  - व्यापार एवं निवेश के विविधीकरण में परस्पर सहयोग
- एस.सी.आर.आई. संबंधी मापदंडों का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा इसके विकास में भावी पहलुओं को शामिल करने के लिये **तीनों सदस्य कम-से-कम वर्ष में एक बार बैठक का आयोजन** भी करेंगे।

IAS / PCS
Online Video Course
सामान्य अध्ययन
+
वैकल्पिक विषय
(इतिहास एवं भूगोल)
Online
Learning
Programme
JOIN NOW
15% Discount for
Next 500 Students

IAS / PCS
Pendrive Course
सामान्य अध्ययन
+
वैकल्पिक विषय
(इतिहास एवं भूगोल)
15% Discount for Next
500 Students